आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.03.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। कहा– मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए भारत, विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगामी सात मार्च को हरिद्वार दौरा प्रस्तावित। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- उत्तराखंड पुलिस, होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद। एक सौ आठ आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को भी हाई अलर्ट पर रखा गया।
- चंदग्रहण के सूतक के चलते प्रदेश में चारों धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों सहित अन्य सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे।

प्रधानमंत्री / वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

बजट उपरांत आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व, विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं। उन्होंने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि इस मिशन का लक्ष्य देश को उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में अग्रणी बनाना है।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी सात मार्च को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का आज स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के साथ ही पुलिस व प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

साथ ही कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। श्री धामी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

एग्रीटैक स्टार्टअप

कृषि क्षेत्र में नई तकनीक से किसानों की मदद के लिए आईआईटी रूड़की ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सिद्धार्थ खरे ने जियोस्पेशियल एग्रीटैक स्टार्टअप की स्थापना की है। इसके माध्यम से किसानों, उर्वरक कंपनियों और एग्री–इनपुट उद्योगों को सटीक और डेटा–आधारित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रोफेसर खरे का कहना है कि सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग, ड्रोन तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करके कृषि को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान बेहतर निर्णय ले सकेंगे, खेती टिकाऊ हो सकेगी और फसल की पैदावार भी बढ़ेगी। आईआईटी रूड़की की फैकल्टी एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी के तहत इस स्टार्टअप को संस्थान में इनक्यूबेट किया गया है।

होली / पुलिस

उत्तराखंड पुलिस, होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने कहा है कि होली पर कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने जिले के थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि होली को लेकर अल्मोड़ा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एम्बुलेंस सेवा अलर्ट

होली के त्यौहार को देखते हुए प्रदेश में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस संबंध में देहरादून में एम्बुलेंस सेवा के महाप्रबंधक, प्रोजेक्ट्स अनिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि संवेदनशील स्थानों पर तैनात एम्बुलेंस जाम में न फंसे, इसके लिए विशेष तकनीकी व्यवस्था की गई है। देहरादून समेत मैदानी जिलों में प्रमुख चौराहों पर एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। साथ ही 18 अतिरिक्त बैकअप एम्बुलेंस भी तैयार रखी गई हैं। सभी कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं और कंट्रोल रूम में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है। इसके अलावा होली के दिन भी 'खुशियों की सवारी' सेवा जारी रहेगी। प्रसव के बाद जच्चा–बच्चा और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल से घर तक निःशुल्क सुविधा मिलती रहेगी।

गोपीनाथ मंदिर/होली

चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर की ऐतिहासिक और प्रसिद्ध होली इस बार सुरक्षा कारणों से गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में न होकर रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। गोपीनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज भट्ट ने बताया कि इस ऐतिहासिक होली में प्रतिवर्ष देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर प्रांगण में समुचित स्थान न होने के कारण आयोजकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए मंदिर समिति ने पदाधिकारियों के साथ साथ विमर्श के बाद, भारी भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए इस बार होली कार्यक्रम रामलीला मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

चंद्रग्रहण

इस साल का पहला चंद्रग्रहण आज अपराह्न करीब तीन बजकर बीस मिनट पर शुरु हुआ, जो शाम लगभग छह बजकर 47 मिनट तक रहेगा। वहीं, चंद्रग्रहण के सूतक के चलते प्रदेश में आज सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर चारों धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों सहित अन्य सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में मंदिरों में पूजा–अर्चना और विशेष अनुष्ठान नहीं किए जाते, इसलिए मंदिरों को बंद रखा गया। ग्रहण समाप्ति और शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद सभी मंदिरों के कपाट फिर से श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे।